**अभ्यास**

**1. कविता से**

(क) गुड़िया को कौन, कहाँ से और क्यों लाया है?

**उत्तर**
गुड़िया को कवि लाया था। जब वह मेले में गया तो वहाँ एक बुढ़िया उसे बेच रही थी। वह गुड़िया कवि को बहुत अच्छी लगी, इसलिए मोलभाव करके वह उसे घर ले आया।

(ख) कविता में जिस गुड़िया की चर्चा है वह कैसी है?

**उत्तर**
कविता में जिस गुड़िया की चर्चा है, वह प्यारी सी है। आँखें खोल व मूँद सकती है, पिया-पिया बोलती है। उसने सितारों से जड़ी चुनरी पहन रखी है। उसकी आँखें काली-काली हैं। वह बड़ी सलोनी गुड़िया है।

(ग) कवि ने अपनी गुड़िया के बारे में अनेक बातें बताई हैं। उनमें से कोई दो बातें लिखो।

**उत्तर**
कवि ने उसे खिलौने की अलमारी में गहनों से सजाकर रखने की बात की है। इस गुड़िया ने कवि के बच्चे-से मन को जीत लिया है।

**6. मैं और हम**

मैं मेले से लाया हूँ इसको

हम मेले से लाए हैं इसको

ऊपर हमने देखा कि यदि 'मैं' के स्थान पर 'हम' रख दें तो हमें वाक्य में कुछ और शब्द भी बदलने पड़ जाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिए गए वाक्यों को बदलकर लिखो।

(क) मैं आठवीं कक्षा में पढ़ती हूँ।

हम आठवीं कक्षा .......................।

(ख) मैं जब मेले में जा रहा था तब बारिश होने लगी।

.............................................................

(ग) मैं तुम्हें कुछ नहीं बताऊँगी।

...........................................................

**उत्तर**

(क) हम आठवीं कक्षा में पढ़ते हैं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ख) हम जब मेले में जा रहे थे तब बारिश होने लगी।

(ग) हम तुम्हें कुछ नहीं बताएँगे।

**7. शब्दों की दुनिया**

दिए गए शब्दों के अंतिम वर्ण से नए शब्द का निर्माण करो–

मेला लाल लगन नया याद

पिया

खोल

शिशुमन

**उत्तर**

पिया– याद, दवाई, ईमानदार, रमज़ान

खोल– लड़ाई, ईनाम, महीना, नामुमकिन, नमक

शिशुमन– नलिन, नन्हा, हाँकना, नाराज़, ज़मीन

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in